दिनांकः 02.10.2023 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज प्रदेश में सात हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं राष्ट्र को करेंगे समर्पित–चित्तौड़गढ़ में जनसभा को करेंगे संबोधित।

- राज्य सरकार का सरकारी विभागों में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से संविदाकर्मी भर्ती की व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला।

- राष्ट्र, आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर कर रहा है याद।

- सरकारी कार्यालयों में लम्बित मामलों को कम करने के लिए आज से विशेष स्वच्छता अभियान का तीसरा चरण होगा शुरू।

-----------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज चित्तौड़गढ में लगभग 7 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कुछ विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

-----------

प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से कोटा में ट्रिपल आईटी का भी लोकार्पण करेंगे। अधिक जानकारी हमारे कोटा संवाददाता से –

-------------

राज्य सरकार ने सरकारी विभागों में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से संविदाकर्मी लेने की व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में कल जयपुर में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। अब संविदाकर्मियों की भर्ती के लिए एक सरकारी कम्पनी राजस्थान लॉजिस्टिकल सर्विस डिलिवरी कॉर्पोरेशन का गठन किया जाएगा। इसके जरिये संविदा कार्मिकों के हितों की रक्षा होगी और उन्हें उचित पारिश्रमिक मिल सकेगा। इसके साथ ही राजस्थान प्रशासनिक सेवा, लेखा, पुलिस, वन और बीमा सेवा संवर्ग में वेतनमान बढ़ाए जाने का फैसला किया गया है। बैठक में राजस्थान वक्फ नियम–2023 से सम्बंधित प्रस्ताव और अधिसूचना के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिमंडल ने राजस्थान चर्म शिल्प कला विकास बोर्ड का गठन करने का निर्णय लिया है। यह बोर्ड राज्य में चर्म दस्तकारों, चर्म हैंडीक्राफ्ट कामगारों तथा उद्यमियों के आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करेगा। मंत्रिमंडल ने राजस्थान प्राकृत भाषा और साहित्य अकादमी बनाए जाने की भी स्वीकृति दी। इसके बनने से जैन भाषा के साहित्य का संरक्षण हो सकेगा। बैठक में नई ग्रीन हाइड्रोजन नीति को मंजूरी दी गई। इस नीति का उद्देश्य वर्ष 2030 तक राज्य में दो हजार केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर और जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर संचालित किये जाने को भी मंजूरी दी गयी।

-----------

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि प्रदेश पर्यटन सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। श्री गहलोत कल जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आयोजित पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन से रोजगार सृजित होता है तथा इससे प्राप्त होने वाली आय से राज्य के विकास को गति मिलती है। उन्होंने इस अवसर पर पर्यटन तथा कला, साहित्य और संस्कृति विभाग के लगभग 110 करोड़ रुपये के 25 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

-----------

भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने के वास्ते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की। कल भाजपा मुख्यालय में हुई

इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इस दौरान कई सांसदों और मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारने की संभावना पर भी विचार–विमर्श हुआ। पार्टी सूत्रों के अनुसार राजस्थान में लगभग 60 से 65 सीटों को लेकर चर्चा पूरी हो चुकी है। हालांकि, बैठक के दौरान मुख्य जोर उन सीटों पर रहा, जहां राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी का प्रभाव अपेक्षाकृत कमजोर है। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य नेता और भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

-----------

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली के राजघाट स्थित बापू की समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, डॉ. जितेंद्र सिंह, मीनाक्षी लेखी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी बापू की समाधि पर पुष्प अर्पित किये। विदेशों में भी भारतीय मिशनों की ओर से समारोहों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बापू को श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। उपराष्ट्रपति ने राष्ट्र की प्रगति के लिए आत्मनिर्भरता, समावेशिता और सार्वभौमिक भाईचारे के महात्मा गांधी के दृष्टिकोण को बनाए रखने का प्रयास करने का संकल्प लेने को कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि महात्मा गांधी की कालजयी शिक्षाएं हमारा मार्गदर्शन करती रहती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके विचार युवाओं को उस परिवर्तन का वाहक बनने में सक्षम बनाएंगे जिसका उन्होंने सपना देखा था। देश आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, राष्ट्र के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि लाल बहादुर शास्त्री के साहस, सेवा और सादगी को हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि उनके विचार देश की भूमि के कण–कण में व्याप्त है। इधर प्रदेश में भी गांधी जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभाएं और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बाड़मेर, टोंक, करौली और भीलवाड़ा में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बापू को याद किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर, अजमेर, जालौर, भरतपुर और बूंदी में इस अवसर पर सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया।

-----------

स्वच्छता को केन्द्र में रखकर और पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ आज से सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के साथ एक विशेष अभियान का तीसरा चरण शुरू होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुरू हो रहा यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह अभियान पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो स्वच्छता अभियानों के दौरान लगभग 90 लाख वर्ग फुट प्रधान कार्यालय स्थान को साफ किया गया है और उत्पादक उपयोग में लाया गया है। इसके अलावा, सरकार को रद्दी के निपटान से 370 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व भी प्राप्त हुआ और चार लाख 56 हजार लोक शिकायतों का निवारण किया गया।

-----------

चीन के हांगझाऊ में 19वें एशियाई खेलों में भारत ने कल शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, सात रजत और पांच कांस्य पदक सहित 15 पदक हासिल किये। एथलेटिक्स में नौ, गोल्फ में एक, निशानेबाजी में तीन बैडमिंटन और मुक्केबाजी में एक–एक पदक जीता। अविनाश साबले ने पुरुषों की तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता तो वहीं तो वहीं, तेजिंदरपाल सिंह तूर ने गोला फेक में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पुरूषों के लॉंग जम्प में श्रीशंकर ने रजत पदक और महिलाओं की हेप्टेथेलॉन–800 मीटर में नंदिनी अवसारा ने कांस्य पदक जीता। महिला चक्का फेंक में सीमा पुनिया को कांस्य पदक मिला।

-----------